# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
**(पूर्व नाम जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर)**
(NAAC मान्यता प्राप्त "A" ग्रेड विश्वविद्यालय)

क्रमांक / गोपनीय / 2026 / 2974 जबलपुर, दिनांक: 19/05/2026

प्रति,

**प्राचार्य / प्राचार्या**
वि.वि. से सम्बद्ध समस्त स्वशासी (Autonomous) महाविद्यालय।

**विषयः** NAD Digilocker **पोर्टल पर डिग्री सर्टिफिकेट अपलोड किये जाने के संबंध में।**
संदर्भः म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक / 436 / 1852389 / 2024 / 38-3, भोपाल दिनांक 18.05.2026.

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र संलग्न कर अवलोकनार्थ प्रेषित है। जिसके बिन्दु क्रमांक-04 में उल्लेखित है कि विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार अंतर्गत संचालित स्वशासी महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों की उपाधि अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत शीघ्र डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करने एवं महाविद्यालय द्वारा उपाधि की आवश्यक जानकारी तैयार कर संबंधित विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। चूंकि आपके महाविद्यालय के विद्यार्थियों की उपाधि (Degree Certificate) विश्वविद्यालय के NAD Digilocker पोर्टल पर अपलोड किया जाना है जिसके संबंध में पूर्व में भी दिनांक 02.02.2026 को विश्वविद्यालय का पत्र ई-मेल द्वारा प्रेषित कर डाटा उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया था।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि महाविद्यालय में सत्र 2019-20 से वर्तमान सत्र तक (जब से स्वशासी घोषित हुआ है) के अंतिम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण / डिग्री पूर्ण विद्यार्थियों के डाटा निर्धारित संलग्न EXCEL SHEET में प्रविष्ट कर जानकारी Soft Copy में **ई-मेल rdvvdigilocker@gmail.com** पर प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि विद्यार्थियों के डिग्री सर्टिफिकेट NAD Digilocker पोर्टल पर अपलोड किये जा सकें।

भवदीय,

**संलग्नः** उपरोक्तानुसार।

**कुलसचिव**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क्र / गोपनीय / 2026 / 2974 अ
जबलपुर, दिनांक: 19/05/2026

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-**

1. अवर सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, जबलपुर संभाग, जबलपुर कृपया उक्त महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. डॉ. अजय गुप्ता, तकनीकी नोडल अधिकारी, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।
4. कुलगुरू जी के सचिव, रा.दु.वि.वि., जबलपुर।

19/5/26
**परीक्षा नियंत्रक**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 435 /1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 18 /05/2026

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त सार्वजनिक विश्वविद्यालय(19),
   मध्यप्रदेश। ।
2. सचिव,
   मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग,
   भोपाल।
3. प्राचार्य,
   समस्त स्वशासी महाविद्यालय, मध्यप्रदेश ।

विषय: NAD-डिजिलॉकर पोर्टल पर अंकसूची एवं उपाधि संबंधी जानकारी अंतिम तिथि के पूर्व अपलोड किए जाने बाबत ।

----00----

उपरोक्त विषयांतर्गत निर्देशित किया जाता है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों को NAD-डिजिलॉकर पोर्टल पर समयबद्ध एवं त्रुटिरहित रूप से उपलब्ध कराने हेतु समस्त विश्वविद्यालयों एवं स्वशासी महाविद्यालयों द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए–

1. विद्यार्थियों की प्रोविजनल उपाधि (Provisional Degree) NAD-डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड न की जाए।
2. वर्ष 2025 में आयोजित समस्त प्रकार की परीक्षाओं का क्रेडिट डाटा, अंकसूची एवं उपाधि संबंधी जानकारी NAD-डिजिलॉकर पोर्टल पर अंतिम दिनांक 30 जून 2026 तक अपलोड किए जा सकेंगे, अतः वर्ष 2025 की समस्त परीक्षाओं के लंबित परिणाम घोषित कर एवं दिनांक 15 जून तक समस्त डाटा तैयार कर अनिवार्य रूप से NAD-डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड किया जाए।
3. अंकसूची एवं क्रेडिट डाटा अपलोड करते समय संबंधित पाठ्यक्रम का NCrF Level स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
4. समस्त संबद्धता प्रदाय विश्वविद्यालय अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत संचालित स्वशासी महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों की उपाधि, अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत शीघ्र डिजिलॉकर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इस संबंध में स्वशासी महाविद्यालय द्वारा उपाधि संबंधी टेम्पलेट(Template) में आवश्यक जानकारी तैयार कर संबंधित विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

...निरंतर

अतः उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए । उपरोक्त निर्देशों के पालन संबंधी समीक्षा आगामी बैठकों में की जाएगी ।

18-5-26

(वीरन सिंह भलावी)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग

पृ. क्रमांक 436 /1852389/2024/38-3 भोपाल, दिनांक 18 /05/2026

प्रतिलिपि-

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. कुलगुरु, समस्त राज्य विश्वविद्यालय(19), मध्यप्रदेश ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश ।
4. NAD-डिजिलॉकर के जोनल एवं राज्य समन्वयक को सूचनार्थ ।
5. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आईटी सेल, उच्च शिक्षा संचालनालय, भोपाल की ओर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ ।

18-5-26

अवर सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग